# जनपद शामली पुलिस

## --सोशल मीडिया सेल शामली--

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक-04.09.2025**

**थाना कांधला पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध 10 लीटर कच्ची शराब बरामदः-**

आज दिनांक 04.09.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह के आदेशानुसार अवैध शराब के अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कांधला पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त महराज पुत्र अख्तर निवासी बिजली घर रोड़ थाना कांधला जनपद शामली को अवैध 10 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार करने मे महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.महराज पुत्र अख्तर निवासी बिजली घर रोड़ थाना कांधला जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.अवैध 10 लीटर कच्ची शराब।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त उपरोक्तः-**

1.मु0अ0सं0 141/2020धारा 13 जुआं अधिनियम थाना कांधला जनपद शामली।

2.मुअस0 287/2021 धारा 272,273 भादवि व 60(1) आबकारी अधिनियम थाना कांधला जनपद शामली।

3.मु0अ0सं0 168/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना कांधला जनपद शामली।

4.मु0अ0सं0 372/2025 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम थाना कांधला जनपद शामली।



**थाना कैराना पुलिस द्वारा 01 चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किया गया सामान व चोरी का सामान बेचकर प्राप्त नगदी बरामदः-**

ज्ञात हो दिनाँक 06.06.2025 को वादी श्री अमितेश कुमार पुत्र राकेश कुमार शर्मा प्रधानाचार्य भास्कर कॉलेज ऑफ एजुकेशन थाना कैराना जनपद शामली नें कॉलेज में रखे जनरेटर से चोर द्वारा तार चोरी कर लेने के सम्बन्ध में तथा दिनाँक 11.07.2025 को श्री हबीब पुत्र हमीद निवासी मौहल्ला दरबारकलां थाना कैराना जनपद शामली के खेत में बने कमरे की दीवार उखाड़कर स्प्रे मशीन व अन्य कृषि यन्त्र को चोरी कर लेने व कमरे में आग लगा देने के सम्बन्ध में थाना कैराना पर प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये थे। प्राप्त प्रार्थना पत्रों के आधार पर थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किये थे।

इसी क्रम में आज दिनांक 04.09.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह के आदेशानुसार संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग व चोरों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा 01 चोर को चोरी किये गये मोबाईल सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.रुस्तम उर्फ काला पुत्र रशीद निवासी मौहल्ला आलखुर्द थाना कैराना जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.जनरेटर से चोरी किया गया तांबे का तार।

2.खेत में बने कमरे से चोरी किये गये उपकरण को बेचकर प्राप्त नगदी 990/- रुपये।



**थाना झिंझाना पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-**

आज दिनांक 04.09.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.पवन पुत्र ब्रह्म सिंह कश्यप निवासी ग्राम लक्ष्मणपुरा थाना झिंझाना जनपद शामली।



**थाना झिंझाना पर संचालित साइबर सेवा केन्द्र द्वारा की गयी कार्यवाही में 77,254/- रुपये(शत-प्रतिशत) धनराशि वापस कराई गईः-**

ज्ञात हो आवेदक श्री रविन्द्र पुत्र राजपाल निवासी मौहल्ला तलाही थाना झिंझाना  जनपद शामली द्वारा अपने बैंक खाते से 77,254/- रुपये डेबिट हो जाने के सम्बन्ध में दिनाँक 26.04.2025 को साइबर क्राइम पोर्टल पर आनलाईन शिकायत दर्ज करायी गयी थी।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह के निर्देशन में साइबर सेवा केन्द्र थाना झिंझाना द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित बैंक को पत्राचार कर पीड़ित की 77,254/- रुपये की धनराशि होल्ड करायी गयी तथा माननीय न्यायालय से प्राप्त आदेश के उपरांत आवेदक श्री रविन्द्र उपरोक्त के बैंक खाते में शत-प्रतिशत धनराशि 77,254/- रुपये वापस कराई गई है। आवेदक श्री रविन्द्र द्वारा श्रीमान पुलिस अधीक्षक शामली, साइबर सेवा केन्द्र थाना झिंझाना का आभार व्यक्त किया गया है।



**SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI**